# कक्षा- 6

# इकाई – 1 - दैनिक जीवन में विज्ञान

## अभ्यास प्रश्न

**प्र० - 1- सही विकल्प छाँटकर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिए-**

**उत्तर-**

**(क) टेलीविज़न के आविष्कारक हैं -**

(i) वोल्टा
(ii) न्यूटन
(iii) सी. वी. रमन
(iv) जॉन लोगी बेयार्ड (✓)

**(ख) वैज्ञानिक विधि का चरण नहीं है-**

(i) जिज्ञासा
(ii) परीक्षण
(iii) सिद्धान्त(✓)
(iv) निरीक्षण

**(ग) भारतीय वैज्ञानिक हैं-**

(i) एडीसन
(ii) मैडम क्यूरी
(iii) गैलीलियो
(iv) हरगोविन्द खुराना (✓)

**(घ) ओज़ोन पर्त में छिद्र का कारण है-**

(i) ऑक्सीजन
(ii) क्लोरो फ्लोरो कार्बन(CFC) (✓)
(iii) कार्बन डाई ऑक्साइड
(iv) नाइट्रोजन ऑक्साइड

**प्र० - 2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(क) दो भारतीय और दो विदेशी वैज्ञानिकों के नाम लिखिए।**

**उत्तर- दो भारतीय वैज्ञानिक -** 1-जगदीश चन्द्र बोस
2- डा० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम

**दो विदेशी वैज्ञानिक -** 1-थॉमस अल्वा एडीसन
2- चार्ल्स बैबेज

LearnxHub

**(ख) विज्ञान के दुरुपयोग से होने वाली किन्हीं दो समस्याओं को लिखिए।**

**उत्तर –** विज्ञान के दुरुपयोग से होने वाली समस्याएं निम्नलिखित हैं -

**1. विनाशकारी हथियारों का निर्माण -** विज्ञान की सबसे बड़ी देन परमाणु ऊर्जा हो सकती थी, लेकिन इसका दुरुपयोग परमाणु बम, मिसाइलों और रासायनिक हथियारों के रूप में हुआ। उदाहरण-जापान के शहर हिरोशिमा और नागासाकी की त्रासदी इसका सबसे बड़ा प्रमाण है।

**2. साइबर अपराध -** इंटरनेट और सूचना प्रौद्योगिकी (IT) के विकास ने जहाँ एक ओर दुनिया को जोड़ा है, वहीं दुरुपयोग ने अपराध के नए रास्ते खोल दिए हैं। हैकिंग, फिशिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी के माध्यम से लोगों की निजी जानकारी और धन की चोरी की जा रही है।

**प्र० - 3 - निम्नलिखित में स्तम्भ (क) व स्तम्भ (ख) से मिलान कीजिए –**

**उत्तर -**

| स्तम्भ (क) | स्तम्भ (ख) |
|---|---|
| (क) डॉ ए० पी० जे० अब्दुल कलाम | (अ) दूरबीन |
| (ख) मैडम क्यूरी | (ब) प्रक्षेपण शास्त्र |
| (ग) चार्ल्स बैबेज | (स) डायनमो |
| (घ) माइकल फैराडे | (द) रेडियम |
| (ङ) गैलीलियो | (य) कंप्यूटर |

**प्र० - 4 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर-** क – **एडूसेट(EDUSAT)** एक दूरस्थ शैक्षणिक उपग्रह है।

ख - **वायुयान** वायु यातायात का साधन है।

ग - यूरिया के अत्यधिक उपयोग से **मृदा** प्रदूषण होता है।

घ - **सुश्रुत** प्राचीन काल में महान शल्य चिकित्सक थे।

ड़ - **नागासाकी** और **हिरोशिमा** पर परमाणु बम गिराया गया था।

LearnxHub

**प्र० - 5 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए-**

**(क) दूर देशों की घटनाओं की सचित्र जानकारी देने वाले साधन का नाम लिखिए।**

**उत्तर-** टेलीविजन।

**(ख) विद्युत बल्ब के आविष्कारक कौन थे ?**

**उत्तर-** थॉमस अल्वा एडीसन।

**प्र० - 6 - किन्हीं दो अन्तरिक्ष वैज्ञानिकों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** कल्पना चावला एवं डॉ विक्रम साराभाई ।

**प्र० - 7- चिकित्सा के क्षेत्र में वर्तमान में क्या प्रगति हुई हैं।**

**उत्तर**- वर्तमान समय में चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक प्रगति हुई है, जैसे- मलमूत्र तथा खून का परीक्षण, एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड, सीटीस्कैन, इन्डोस्कोपी आदि। जिसके द्वारा किसी भी भयंकर से भयंकर बीमारी का तुरन्त पता चल जाता है और हम समय रहते उसका उपचार करा पाते हैं।इसके अतिरिक्त वर्तमान में आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से डॉक्टर गंभीर बीमारियों का पता बहुत तेज़ी के साथ लगा रहे हैं |

**प्र० – 8 - वर्तमान समय में संचार माध्यम के साधन क्या-क्या हैं?**

**उत्तर**- वर्तमान समय में संचार माध्यम के विभिन्न साधन हैं, जैसे- टेलीविजन, मोबाइल फोन, इन्टरनेट, समाचारपत्र,स्मार्ट फ़ोन ,CHATGPT,GEMINI ,डिजिटल समाचार ,ईमेल आदि हैं।

